विधान सभा पुन: 11.48 बजे समवेत हुई.

11.48 बजे अध्यक्ष महोदय (श्री गिरीश गौतम) पीठासीन हुये.

तारांकित प्रश्नों के मौखिक उत्तर

राजगढ़ विधानसभा अंतर्गत स्कूलों में शिक्षकों की पदपूर्ति

[स्कूल शिक्षा]

1. (*क्र. 519) **श्री बापूसिंह तंवर** : क्या राज्य मंत्री, स्कूल शिक्षा महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि **(क)** राजगढ़ विधानसभा क्षेत्र में कितने प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हैं? सूची उपलब्ध करायें। **(ख)** प्रश्नांश (क) अनुसार उपलब्ध सूची में समस्त विद्यालयों में समस्त वर्ग के कितने शिक्षक के पद स्वीकृत हैं? स्वीकृत पदों की संख्या बताएं। **(ग)** प्रश्नांश (ख) अनुसार उपलब्ध स्वीकृत शिक्षक के पद अनुसार क्या प्रश्नांश (क) अनुसार उपलब्ध शिक्षण संस्थानों में शिक्षक पदस्थ हैं? **(घ)** प्रश्नांश (ग) अनुसार स्कूलों में पदस्थ शिक्षक प्रश्नांश (क) अनुरूप स्वीकृत पद अनुसार समस्त शिक्षण संस्थाओं में पदों की पूर्ति है? यदि नहीं, तो शासन शिक्षक विहीन अथवा स्वीकृत पद से कम शिक्षक वाले स्कूलों में शिक्षकों की पदस्थापना कर देगा? यदि हाँ, तो समय-सीमा बताएं, नहीं तो कारण बताएं।

राज्य मंत्री, स्कूल शिक्षा (श्री इन्दर सिंह परमार) : (क) राजगढ़ विधानसभा क्षेत्रान्तर्गत 413 प्राथमिक शाला, 151 माध्यमिक शाला एवं 16 उच्चतर माध्यमिक शालाएं हैं। सूची **पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट अनुसार** है। **(ख)** समस्त वर्ग के 1498 पद स्वीकृत है। **(ग)** जी नहीं। **(घ)** जी नहीं। पद पूर्ति एक सतत् प्रक्रिया है, समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है। शिक्षक विहीन अथवा शिक्षकों की कमी वाली शालाओं में अतिथि शिक्षक की व्यवस्था प्रावधानित है।

श्री बापूसिंह तंवर-- माननीय अध्यक्ष महोदय, मेरा प्रश्न यह था कि राजगढ़ विधान सभा के अंतर्गत शिक्षक विहीन शालायें और बच्चों के भविष्य का प्रश्न उठता है. माननीय मंत्री जी माध्यमिक, प्राथमिक और हाईस्कूल मिलाकर 580 स्कूल हैं और उसमें स्वीकृत पद 1498 हैं, लेकिन कुछ शालायें ऐसी हैं जिनमें शिक्षक विहीन शालायें हैं और उनके कारण बच्चों का भविष्य अंधकार में है. इसलिये माननीय मंत्री जी से मैं यह चाहता हूं कि कब तक ऐसी शिक्षक विहीन शालाओं में

अनुभाग अधिकारी
स्कूल शिक्षा विभाग

शिक्षकों की पूर्ति कर देंगे. दूसरा माननीय मंत्री जी ने यह कहा कि हम अतिथि शिक्षक नियुक्त कर रहे हैं, लेकिन वह क्षेत्र ऐसा है जहां पर अतिथि शिक्षक ही नहीं मिल रहे हैं तो माननीय मंत्री जी उस जगह क्या करेंगे ?

श्री इन्दर सिंह परमार-- माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय सदस्य की विधान सभा में जो पद खाली हैं वह आंकड़े बताये हैं, उस अनुसार अतिथि शिक्षक की व्यवस्था की है. अभी हमारे अतिथि शिक्षक उच्च माध्यमिक शिक्षक 90, माध्यमिक शिक्षक 278 और प्राथमिक शिक्षक 101 इनके क्षेत्र में काम कर रहे हैं, लेकिन साथ ही हम भर्ती प्रक्रिया को भी आगे बढ़ा रहे हैं. पिछले वर्ष भी हमने जो भर्ती प्रक्रिया की है उसमें 20326 ऐसे जनजातीय और स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षकों की मध्यप्रदेश में भर्ती हुई है उसमें से कुछ शिक्षक राजगढ़ जिले में भी गये हैं. अभी फिर वर्ष 2022-23 में हमने भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है. इसमें भी लगभग इतने ही पदों पर हम भर्ती करने वाले हैं, उसमें से हमने जहां-जहां ऐसे अतिथि शिक्षक रखे गये हैं वहां पर हम उनकी पूर्ति कर देंगे.

अध्यक्ष महोदय -- माननीय मंत्री जी, उनकी चिंता यह है कि आपने जो नीति बनाई है कि स्कूल को खाली नहीं होने देंगे, यदि ट्रांसफर हो गया है तो वह ट्रांसफर निरस्त माना जायेगा या भरी हुई स्कूल में कोई जाता है, तो उसको भी निरस्त माना जायेगा, उनकी चिंता यह है कि वह संख्या नहीं पूछ रहे हैं, उनके कुछ पर्टिकुलर स्कूल हैं, जहां शिक्षक किसी तरह से नहीं है और अतिथि शिक्षक भी नहीं मिल रहे हैं, क्योंकि वह थोड़ा सा दूरस्थ एरिया है, तो वहां के स्कूलों का पर्टिकुलर दे दें, वहां कोई पोस्टिंग की व्यवस्था हो सके.

श्री इन्दर सिंह परमार -- माननीय अध्यक्ष महोदय, हमारे कुछ जिले ऐसे हैं, जहां पर विद्यार्थी हमारे जिन शालाओं में कम हैं, वहां कम शिक्षक की जरूरत हैं. हम उसका सारा मिलान कर रहे हैं और माननीय सदस्य से हम बात करके ऐसी शालाओं में जहां हैं, वहां हम उनमें से भी व्यवस्था कर देंगे, जब स्थायी नियुक्त होंगे तब उनको कर देंगे. अभी हम डी.ओ. को बताकर वहां के उन स्कूलों की व्यवस्था कर देंगे जहां अतिथि शिक्षक भी जाना नहीं चाहते हैं, मैं माननीय सदस्य से वह सूची ले लूंगा.

श्री बापूसिंह तंवर -- माननीय अध्यक्ष महोदय, चिंता इस बात की है कि पूरे स्कूल खाली कर दिये हैं, इनकी जो ट्रांसफर नीति है, उसमें भेजा ही नहीं है और कई स्कूल में बच्चे कम शिक्षक ज्यादा हो गये हैं.

अध्यक्ष महोदय -- ठीक है, आपका हो गया है, माननीय सदस्य जी आपका हो गया है, उन्होंने कह दिया है कि आप सूची दे दीजिये वह तत्काल व्यवस्था कर देंगे, बाद में भर्ती होगी, अब आगे बढ़ने दीजिये. **(श्री बापूसिंह तंवर, सदस्य द्वारा अपने आसन से कुछ कहने पर)** आपका हो गया है, आपका उत्तर पूरा आ गया है.

प्रश्न संख्या -- 2 (अनुपस्थित)

अनुभाग अधिकारी
स्कूल शिक्षा विभाग